SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

# निरोधक (Restraining) आदेश

## निरोधक आदेश क्या है?

यदि आपको डर है कि कोई आपको हानि पहुँचाएगा, तो ऐसे कानूनी आदेश हैं जो आप खुद को बचाने के लिए कोर्ट से प्राप्त कर सकते हैं। इन्हें सुरक्षा (protection) आदेश कहा जाता है।

निरोधक आदेश एक प्रकार का सुरक्षा आदेश है। अगर आपको डर है कि आपका पार्टनर या पूर्व-पार्टनर आपको या आपके बच्चों को नुकसान पहुंचा सकता है, तो आप पारिवारिक न्यायालय से निरोधक आदेश मांग सकते हैं। यह एक ऐसा दस्तावेज़ है जो किसी भी हिंसा को रोकने के लिए पार्टनर या पूर्व पार्टनर पर प्रतिबंध लगाएगा।

एक अन्य प्रकार का सुरक्षा आदेश है जिसे पीस बांड (peace bond) कहा जाता है। यह एक ऐसा आदेश है जिसे आप आपराधिक अदालत से प्राप्त कर सकते हैं यदि आपको डर है कि कोई आपको, आपके परिवार, आपके पालतू जानवरों को चोट पहुँचाएगा या आपकी संपत्ति को क्षति पहुँचाएगा। यह शांति बनाए रखने और अच्छा व्यवहार करने का एक हस्ताक्षरित वादा है। आप किसी के भी खिलाफ पीस बांड प्राप्त कर सकते हैं, जैसे कि पड़ोसी, भाई-बहन, दोस्त या सहकर्मी। लेकिन ओंटैरियो के फैमिली लॉ ऐक्ट के तहत, आप केवल एक पार्टनर या पूर्व-पार्टनर के विरुद्ध ही निरोधक आदेश प्राप्त कर सकते हैं। पीस बांड आम तौर पर एक वर्ष के लिए दिए जाते हैं जबकि निरोधक आदेश अधिक स्थायी होते हैं। यदि आपके पास पहले से ही एक पीस बांड है, तो यदि आप लंबी अवधि के लिए सुरक्षा चाहते हैं, तो आप पारिवारिक कोर्ट में निरोधक आदेश के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

पारिवारिक कोर्ट निरोधक आदेश प्राप्त करने के लिए आपको पारिवारिक न्यायालय प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता नहीं है।

## निरोधक आदेश किस प्रकार के प्रतिबंध लगा सकता है?

**यह सीमाएं लगा सकता है कि:**

- आपका पार्टनर या पूर्व पार्टनर कहां जा सकता है
- वे क्या कर सकते हैं
- वे किससे संपर्क कर सकते हैं

उदाहरण 1:  वे आपके बच्चे के स्कूल के 300 मीटर के दायरे में नहीं जा सकते
उदाहरण 2: उनके लिए आपसे 500 मीटर दूर रहना अनिवार्य है और वे आपसे या आपके बच्चों से संवाद नहीं कर सकते
उदाहरण 3: वे आपके घर या वर्कप्लेस  के 500 मीटर के दायरे में नहीं जा सकते

## निरोधक आदेश की मांग कौन कर सकता है?

**अगर आप इन श्रेणियों में से किसी एक के अंतर्गत आते हैं, तो आप फैमिली लॉ ऐक्ट के तहत किसी के खिलाफ निरोधक आदेश के लिए आवेदन कर सकते हैं:**

- आपने उनसे शादी की थी
- आप उनसे विवाहित हैं
- आप उनके साथ रह रहे हैं या किसी अवधि के लिए उनके साथ रह चुके हैं
- उनके साथ आपका बच्चा है

## निरोधक आदेश कैसे प्राप्त करें

**पता करें कि आपके आवेदन के लिए किस न्यायालय में जाना है। यह इस पर निर्भर करेगा कि:**

- आप, आपका पार्टनर या पूर्व-पार्टनर या आपके बच्चे कहां रहते हैं और
- आपको किन अन्य पारिवारिक कानून संबंधी मुद्दों से निपटने की आवश्यकता है

आम तौर पर, आप उस नगर पालिका में आवेदन करेंगे जहां आप, आपका पार्टनर या पूर्व पार्टनर रहते हैं। लेकिन अगर आपका आवेदन आपके बच्चों से संबंधित मुद्दों, जैसे कि पालन-पोषण की व्यवस्था, से भी संबंधित है, तो आप उस नगर पालिका में आवेदन करेंगे जहां आपका बच्चा रहता है।

ओंटैरियो में 3 अदालतें हैं जो परिवार कानून से निपटती हैं - ओंटैरियो कोर्ट ऑफ जस्टिस, सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस और सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस की परिवार कानून शाखा। ये सभी आपको एक निरोधक आदेश दे सकते हैं, लेकिन उनमें से सभी परिवार कानून के अन्य सभी मुद्दों से नहीं निपटते हैं। आपको उस न्यायालय में जाना चाहिए जो आपके द्वारा हल किए जाने वाले अन्य पारिवारिक कानून संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए उपयुक्त हो।

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

**आप के द्वारा उपयुक्त अदालत का निर्धारण कर लेने के बाद, आपके लिए आवश्यक है कि आप:**

• अदालती प्रक्रिया शुरू करने के लिए, फॉर्म 8: ऐप्लीकेशन (जनरल), भरकर कोर्ट में आवेदन करें। आप अपने आवेदन में अन्य पारिवारिक कानूनों के मुद्दों को हल करने के लिए भी कह सकते हैं या:

• यदि आपको तत्काल निरोधक आदेश की आवश्यकता है, तो अदालत में एक प्रस्ताव (motion) के साथ आवेदन फाइल करें। ऐसे में आपको फॉर्म 8: ऐप्लीकेशन (जनरल), फॉर्म 14: नोटिस अव मोशन, फॉर्म 14A: ऐफिडेविट (जनरल) भरना होगा।
(एक प्रस्ताव (motion) एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी मामले पर अंतिम निर्णय लेने से पहले न्यायाधीश से आदेश देने का अनुरोध करती है)

• दस्तावेजों को सर्व (Serve) करें, जिसका अर्थ है अपने पार्टनर या पूर्व-पार्टनर को दस्तावेजों की एक प्रति मुहैया करना ताकि वे जान सकें कि आपने अदालती केस शुरू कर दिया है।

• अपने मामले की व्याख्या करने के लिए अदालत में उपस्थित हों। यदि खतरा तत्काल है, यदि आप नहीं जानते कि आपका पार्टनर या पूर्व-पार्टनर कहाँ है, या आपको डर है कि उन्हें नोटिस देने से हानि का खतरा बढ़ जाएगा, तो आप "बिना नोटिस के प्रस्ताव" (“motion without notice”) ला सकते हैं। इसका मतलब है कि उन्हें पता नहीं चलेगा कि आपने निरोधक आदेश के लिए आवेदन किया है और वे अदालत में अपना पक्ष बताने के लिए नहीं आएंगे। इस मामले में, जज  केवल आपके दस्तावेजों के आधार पर एक अस्थायी निरोधक आदेश देगा। न्यायाधीश दोनों पक्षों से सुनने के लिए बाद में अदालत की तारीख तय करेगा।

## निरोधक आदेश दिए जाने के बाद:

• न्यायालय किसी व्यक्ति के विरुद्ध अंतरिम (अस्थायी) या अंतिम निरोधक आदेश दे सकता है

• यदि वे इसका पालन नहीं करते हैं और अनुपालन नहीं करते हैं तो पुलिस निरोधक आदेश में नामित लोगों या व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सकती है और उनको चार्ज कर सकती है

• अंतरिम निरोधक आदेश समाप्त हो जाने के बाद, निरोधक आदेश में नामित लोगों को अब शर्तों का पालन करने की आवश्यकता नहीं है

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

• यदि आप अंतरिम निरोधक आदेश की समय सीमा समाप्त होने से पहले उसकी शर्तों को बदलना चाहते हैं, तो आपको न्यायालय के माध्यम से एक प्रस्ताव दायर करना होगा

• यदि आप अंतिम निरोधक आदेश की शर्तों को बदलना चाहते हैं तो आपको न्यायालय के माध्यम से एक प्रस्ताव फाइल करना होगा

• एक अंतिम निरोधक आदेश स्थायी हो सकता है या न्यायाधीश द्वारा निर्धारित तिथि पर समाप्त हो सकता है। अस्थायी निरोधक आदेश एक न्यायाधीश द्वारा निर्धारित तिथि पर या आपके परिवार कानून के मामले की समय सीमा समाप्त होने पर समाप्त होते हैं।

## खुद को सुरक्षित रखें:

सिर्फ इसलिए कि एक निरोधक आदेश मौजूद है, इसका मतलब यह नहीं है कि आपका पार्टनर या पूर्व-पार्टनर आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं करेगा। निरोधक आदेश मिलने में भी समय लग सकता है। सुरक्षा योजना का होना बहुत जरूरी है। सुरक्षा योजना बनाने में सहायता प्राप्त करने के लिए किसी सामुदायिक एजेंसी या शेल्टर से संपर्क करें।